राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

रामकरण बनाम देवेन्द्र कुमार

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 889/2023	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.9.25	प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 23 नियम 01 सपठित धारा 151 जाप्ता दीवानी पेश किये जाने पर आज यह पत्रावली कार्यालय से तलब होकर पेश हुई। प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण ने अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र में में अंकित तथ्यों को दोहराते हुये निवेदन किया कि पक्षकारान के मध्य आपसी सहमती से राजीनामा हो गया है, जिससे अपीलार्थीगण अपनी यह अपील अब आगे चलाना नही चाहते है एवं अपील विड्रा कर ख़ारिज करवाना चाहते है। अत: अपील विड्रो कर ख़ारिज फरमायी जावे। प्रार्थीगण/अपीलार्थीगण द्वारा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर यह अपील आगे नही चलाने एवं अपील विड्रो कर ख़ारिज किये जाने की इस्तदुआ की गयी है। अत: अपील अपीलार्थीगण विड्रो किये जाने से ख़ारिज की जाती है। तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	Identified to Appellants Mallikarjuna Advocate Dt. 19/09/2025

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर